प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 08.03.2026 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर दी शुभकामनांए, कहा– नारी शक्ति की उपलब्धियां गौरव का स्रोत।

2. केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी नई दिल्ली में आयोजित शक्ति वॉक में हुईं शामिल, कहा– भारत की विकास य़ात्रा में महिलाएं निभा रहीं महत्वपूर्ण भूमिका।

3. पूर्वी सिंहभूम जिले के राखामाइंस स्टेशन पर उत्कल एक्सप्रेस के नए ठहराव की शुरूआत, सांसद विद्युत वरण महतो ने दिखाई हरी झंडी।

4. झारखंड के देवघर, हजारीबाग समेत देशभर के 250 जिलों में अस्मिता लीग का आयोजन, महिला खिलाड़ियों में उत्साह, केन्द्र सरकार का जताया आभार।

****

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। नई दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में आयोजित समारोह में उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नागरिकों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में प्रत्येक महिला को गरिमा, सुरक्षा और स्वतंत्रता के साथ समान अवसर वाले समाज के निर्माण का आग्रह किया।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश की नारी शक्ति की उपलब्धियां गौरव का स्रोत हैं और राष्ट्र निर्माण में उनकी परिवर्तनकारी भूमिका को दर्शाती हैं। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सोशल मीडिया पर संदेश में श्री मोदी ने सभी महिलाओं को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भारत की प्रगति के साथ–साथ महिलाओं की आकांक्षाएं और योगदान एक मजबूत तथा समृद्ध राष्ट्र की दिशा में हमारी सामूहिक यात्रा का मार्गदर्शन करते रहेंगे।

****

महिला और बाल विकास मंत्रालय ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आज नई दिल्ली में महिलाओं के नेतृत्व में शक्ति वॉक का आयोजन किया। केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी, राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सहित अन्य लोगों ने इस पदयात्रा में भाग लिया। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों की महिलाओं की भागीदारी प्रत्येक क्षेत्र में महिला नेतृत्व वाले विकास की प्रतिबद्धता दर्शाती है।

****

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के इस वर्ष का विषय है– महिलाओं और बालिकाओं के लिए अधिकार, न्याय और कार्रवाई। हमारी संवाददाता ने बताया है कि यह महिला अधिकारों को मजबूत करने, न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करने और स्त्री–पुरुष समानता में तेजी लाने की भावना को दर्शाता है।

****

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आज रांची रेल मंडल द्वारा रांची से इरगांव तक महिला स्पेशल ट्रेन संचालित की जा रही है। इस ट्रेन का संचालन पूर्णतः महिला रेलकर्मियों द्वारा किया गया। रांची मंडल की वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक शुचि सिंह ने इसे महिला सशक्तिकरण का उदाहरण बताया।

****

केंद्रीय मंत्रिमंडल से मंजूरी मिलने के बाद देवघर में तीन प्राइवेट एफएम रेडियो स्टेशन खोलने की प्रक्रिया अब अंतिम चरण में पहुंच गयी है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की ओर से देशभर के 234 नये शहरों में 730

एफएम चैनलों के लिए ई–नीलामी आयोजित की जा रही है। गोड्डा सांसद डॉ. निशिकांत दुबे के प्रस्ताव पर देवघर शहर को भी इसमें शामिल किया गया है। जिले में एफएम रेडियो शुरू होने से स्थानीय कलाकारों और क्षेत्रीय भाषाओं को बड़ा मंच मिलेगा।

****

पूर्वी सिंहभूम जिले के राखामाइंस रेलवे स्टेशन पर पुरी योगनगरी ऋषिकेश पुरी उत्कल एक्सप्रेस के नए ठहराव की सुविधा का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया।

****

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 51 हजार 5 सौ रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 90 हजार रूपये प्रति किलो है।

****

जामताड़ा पुलिस ने कर्माटांड़ थाना के जंगल में छिपकर साइबर अपराध करते दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 4 मोबाइल सेट और 6 सिम कार्ड बरामद किए गए ।

****

गिरिडीह जिले की निमियाघाट थाना पुलिस ने तीन अंतरजिला अपराधियों को गिरफ्तार किया है। डुमरी के एसडीपीओ सुमित प्रसाद ने बताया कि इनके फरार तीन साथियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी चल रही है। ये लोग बंद घरो में चोरी करते थे

****

टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप का फाइनल आज अहमदाबाद में वर्तमान चौंपियन भारत और न्यूजीलैंड के बीच शाम 7 बजे से खेला जाएगा।   आकाशवाणी से इस मैच का आंखों देखा हाल एफएम रेनबो और अतिरिक्त मीटरों पर साढ़े छह बजे से प्रसारित होगा।

****

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राज्य के दस जिलों मे अस्मिता लीग का आयोजन किया जा रहा है। हजारीबाग के कर्ज़न ग्राउंड स्टेडियम में प्रतियोगिता आयोजित की गई। मेरा युवा भारत के जिला युवा पदाधिकारी रुद्र शेखर ने बताया कि देश भर के 250 जिलों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है. जिसका उद्देश्य महिला खिलाड़ियों की प्रतिभा को पहचानना है।

महिला खिलाड़ियों ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अस्मिता लीग के आयोजन के लिए धन्यवाद दिया ।

इधर देवघर जिले के कुमेठा स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ियों में काफी उत्साह है। इस प्रतियोगिता में चार सौ खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

****

राजधानी रांची में 28 वीं सब जूनियर नेशनल सेपक टकरा चैंपियनशिप के ट्रॉफी अनावरण समारोह का आयोजन किया गया।यह आयोजन आगामी 23 से 27 मार्च तक ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव इंडोर स्टेडियम, रांची में आयोजित होगा। प्रतियोगिता में देश के लगभग 30 राज्य और इकाइयों से करीब 700 खिलाड़ी, कोच और अधिकारी भाग लेंगे।

****